# मैथिली काव्य गोष्ठी का यू ट्यूब चैनल पर हुआ प्रसारण

**झंझारपुर** : साहत्यि अकादमी नई दल्लिी द्वारा वेबलाइन साहत्यि श्रृंखला के अंतर्गत मैथिली साहत्यि मंच द्वारा आयोजित मैथिली काव्य गोष्ठी का प्रसारण अकादमी के यू ट्यूब चैनल पर बीते गुरुवार को अकादमी के प्रकाशन विभाग के उप सचिव डॉ एन सुरेश बाबू के हाथों किया गया । इस मौके पर श्री सुरेश बाबू ने बताया कि मैथिली काव्य गोष्ठी के प्रसारण की विधिवत सूचना इन्फॉर्मेशन ब्यूरो पीआईबी, भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय एवं डीडी वन को विभागीय स्तर से दे दिया गया है । बताते चलें कि साहत्यि अकादमी के वेबलाइन मैथिली साहत्यि मंच पर बीते 5 अगस्त को आयोजित काव्य गोष्ठी में मैथिली मंच की कवियत्री कुमकुम झा, कवि डॉ संजीव शमा एवं नारायण झा ने अपना कविता पाठ किया था । साहत्यिअकादमी द्वारा यू ट्यूब चैनल पर काव्य गोष्ठी के प्रसारण पर अनुमंडल के साहत्यि प्रेमियों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है ।यू ट्यूब प्रसारण को लेकर कुमार साहब, अमरनाथ झा, अजय कुमार दास, डॉ कन्हैया झा, डॉ अनिल ठाकुर, महिला कर्ण गोष्ठी की डॉ मणि कर्ण, अनु अंजना, अभकाम के संदीप दास, समीर कुमार दास, आनन्द कुमार झा आदि ने भाग लेने वाले तीनों कवियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है ।